## महत्वपूर्ण एवं खास

### 6 जनवरी को छेरछेरा पुन्नी का अवकाश

**महासमुंद (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 नवम्बर 2022 से किया जा रहा है। सामान्य प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी किये गये अधिसूचनानुसार 06 जनवरी 2023 को छेरछेरा पुन्नी का अवकाश घोषित किया गया है। धान उपार्जन नीति वर्ष 2022-23 में दिये गये निर्देशानुसार शासन द्वारा घोषित शासकीय अवकाश के दिन धान खरीदी का कार्य बंद रहेगी। इसलिए सहकारी समितियों व किसानो से 06 जनवरी 2023 को धान विक्रय के लिए काटे गये टोकन को आगे बढाकर 09 जनवरी 2023 में किया गया है। किसानो से आग्रह किया गया है कि वे अपने सहकारी समिति या उपार्जन केन्द्र के प्रभारी से संपर्क कर 06 जनवरी 2023 के लिए काटे गये टोकन को 09 जनवरी 2023 को अपना धान विक्रय कर सकते है।

### भारत-चीन सीमा पर तैनात शहर के जवान मनीष ध्रुव की मौत

**धमतरी (आरएनएस)।** भारत-चीन सीमा पर लद्दाख में ड्यूअी पर तैनात धमतरी जिले के जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। जवान मनीष ध्रुव सेना के मराठा रेजीमेंट में तैनात था। गुरुवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया, किंतु उसे बचाया नही जा सका। जवान का शव शुक्रवार को धमतरी लाया जाएगा। जवान की मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर है। मनीष ध्रुव धमतरी के छोटे से गांव खरेंगा के रहने वाला था। मनीष 2018 में सेना में शामिल हुआ था। बुधवार दोपहर को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि खरेंगा निवासी राजेंद्र नेताम के बेटे मनीष की शादी की तैयारी चल रही थी।

### 11 सौ ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर कबीर नगर पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 11 सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कबीर नगर थाना क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड नंबर 2 सोनडोंगरी पुलिया के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम दिलखुश साव निवासी कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी दिलखुश राव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल एक किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 10 हजार रूपये जप्त किया का आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

### नक्सलियों ने टावर लगाने का किया विरोध, सरपंच-उपसरपंच के हाथ पैर काटने की दी धमकी

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के कुकराझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोटा गांव में गोंगला गोटाबेनुर चौक पर नक्सलियों ने बैनर टांग कर मोबाइल टावर लगाने का विरोध किया है, नक्सलियों ने पंचायत के जनप्रतिनिधियों को काम बंद कराने की चेतावनी देते हुए आदेश नहीं मानने पर सरपंच और उपसरपंच के हाथ पैर काटने की धमकी दी है। बैनर लगने के बाद गांव में दहशत का महौल बना हुआ है, वहीं टावर का निर्माण कार्य भी बंद कर दिया गया है। नक्सलियों के नेलनार एरिया कमेटी के सचिव समडू के द्वारा जिले के ग्राम बावड़ी पंचायत के आश्रित गांव में गोंगला गोटाबेनुर चौक में नक्सलियों ने बैनर लगाया है, जिस पर उन्होंने सरपंच और उप सरपंच को धमकी देने के साथ ही बावड़ी ग्राम में मोबाइल के टावर लगाने के कार्य को बंद कराने की बात कही है।

# छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव 12 से 14 जनवरी तक रायपुर में

- कलेक्टर डॉ भुरे ने लोकल आर्गेनाइजिंग कमेटी की बैठक में की समीक्षा
- पारम्परिक लोक गीतों, नृत्यों, खेलों की छटा सहित छत्तीसगढ़ी व्यंजनो की सुगंध भी बिखरेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर शहर में 12 से 14 जनवरी तक होने वाले छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव की तैयारियां अब जोर पकड़ रही है। युवा महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम सांइस कॉलेज मैदान पर होंगे। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में स्थानीय आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक लेकर राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और तैयारियों के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रतिभागियों एवं ऑफिशियल्स की संख्या को देखते हुए आवास, भोजन एवं परिवहन आदि की समुचित व्यवस्था करने कहा। राज्य युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक लोक गीत, नृत्य, खेल और छत्तीसगढ़ी व्यंजन का आनंद लोग उठा सकेंगे। इसके लिए सी.एस.आई.डी को पर्याप्त रूप से स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए है। बैठक में एस.एस.पी प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के सी.ई.ओ आकाश छिकारा सहित आयोजन समिति के अन्य अधिकारी भी मौजुद रहे। बैठक में कलेक्टर ने महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की आवास व्यवस्था के लिए रायपुर शहर के विभिन्न भवनों, होटलों अन्य विश्राम गृहों में कमरों की उपलब्धता के साथ अन्य सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने




चयनित आवास स्थलों में महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों को ठहराने पर भी अधिकारियों के साथ गहण चर्चा की। कलेक्टर ने इन भवनों में बिजली पानी, गद्दा, तकिया, चादर, कंबल सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी संख्यात्मक अनुमान लगाकर समय पर इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिभागियों की भोजन, नाश्ता और पेयजल की व्यवस्था के लिए भी जरूरी कार्रवाई समय पर करने को कहा। डॉ भुरे ने आवास स्थलों से आयोजन स्थलों तक प्रतिभागियों लाने ले जाने के लिए वाहन और इंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, गार्बेज निष्पादन और चलित शौचालयों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम परिसर सहित सभी आयोजन स्थलों पर अग्निशमन यंत्रो और फायर ब्रिगेड की भी तैनाती करने को कहा। सभी आयोजन स्थलों पर प्राथमिक उपचार के लिए अस्थाई क्लिनिक, फस्ट एड किट, ग्लूकोज और ओ.आर.एस सहित एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। उन्होंने कुश्ती और कबड्डी जैसे खेलों को मेट पर कराने के निर्देश भी दिए।

**38 विधाओं में ढाई हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल**

छत्तीसगढ़ के युवाओं को विशेष अवसर एवं मंच प्रदान करने, सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2022-23 का 12 से 14 जनवरी 2023 तक रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वृहद आयोजन किया जाएगा। युवा महोत्सव में लगभग ढाई हजार महिला एवं पुरूष युवा कलाकार, प्रतिभागी एवं ऑफिशियल्स भाग लेंगे। इस राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में 38 विधाओं में 18 से 40 वर्ष आयु और 40 वर्ष से अधिक आयु के दो वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। युवा महोत्सव में प्रत्येक विधा में निर्धारित संख्या के आधार पर ही प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की परंपरागत गीत, नृत्य, खेलों और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को शामिल किया गया है। युवा उत्सव में सांस्कृतिक विधाओं में हिंदुस्तानी-कर्नाटक शैली में शास्त्रीय गायन, सितार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम, गिटार का वादन, शास्त्रीय नृत्य-मणिपुरी, ओड़िसी, भरतनाट्यम, कत्थक, कूचीपूड़ी के साथ-साथ पारंपरिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, करमा नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरियां लोक नृत्य, राउत नाचा के रंग देखने को मिलेंगे। इसके अलावा पारंपरिक खेलों में फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़-चाल, रॉक बैंड (राज्य स्तर पर) के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उजागर करने के लिए पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन पर आधारित फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, पारंपरिक एवं आदिवासी शैली से संबंधित विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता को शामिल किया गया है।

## पेंशनरों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ में पहली बार रायपुर में

- निरंजन धर्मशाला रायपुर में 5-6 जनवरी को जुटेंगे देश भर से बुजुर्ग पेंशनर

**रायपुर (आरएनएस)।** आगामी 5 व 6 जनवरी 23 को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ में पहली बार राजधानी रायपुर स्थित निरंजन धर्मशाला वी आई पी रोड में होने जा रहा है। इस अखिल भारतीय अधिवेशन में देश भर से सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी भाग लेंगे। अब कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक 22 राज्यों से बुजुर्ग पेंशनभोगी लोगों ने रायपुर पहुँचने की सूचना दे दी है। इस अधिवेशन के आयोजन पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसुइया उइके, झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस,गोवा के राज्यपाल पी एस धरन पिल्लई, छत्तीसगढ़ केरल के मुख्यमन्त्री के विजयन,छत्तीसगढ़ के मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमन्त्री डॉ रमन सिंह, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आदि ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए महासंघ को शुभ कामना व्यक्त किया है।




इस अधिवेशन में केन्द्र एवं् राज्य सरकारों जरूरी कार्यवाही हेतु पेंशनर्स हित में प्रस्ताव पारित किया जायेगा। जिसमें प्रमुख रुप से मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ के बीच पेंशनरी दायित्वों का बटवारा, रेल व बस यात्रा में छूट, मेडिकल सुविधा, जून-दिसम्बर में रिटायर होने वाले को वेतन वृद्धि का लाभ, मृत्यु अनुदान, 65 वर्ष की आयु में अतिरिक्त पेंशन की पात्रता,आय कर से छूट, भूमि-भवन- फ्लेट आबंटन में 5त्न आरक्षण देने पर चर्चा कर मांग की जायेगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव, छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा, राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजन समिति के संयोजक पूरनसिह पटेल, महामन्त्री लोचन पाण्डे, डॉ पी आर घृतलहरे, महिला प्रकोष्ठ से मति द्रोपदी यादव जशपुर,उर्मिला शुक्ला,कलावती पांडे रायपुर, वंदना दत्ता अंबिकापुर,कुंती राणा,डॉ वीणा तिवारी बिलासपुर, मीता मुखर्जी बस्तर सम्भाग के अध्यक्ष आर एन ताटी, बिलासपुर सम्भाग के अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, क्रमशः दुर्ग जिला के अध्यक्ष बी के वर्मा, रायपुर के आर जी बोहरे, बिलासपुर के विनोद जैन, कांकेर के ओ पी भट्ट, बालोदाबाजार से जे पी धुरन्धर, रायगढ़ से तीरथ लाल यादव, धमतरी से डी के त्रिपाठी, जशपुर से रमेश नन्दे, बलरामपुर से जगदीश सिह,जांजगीर से शत्रुघ्न दुबे, आरंग से अनूप योगी आदि ने प्रदेश में निरंतर राज्य के पेंशनरों के बीच जाकर उन्हे अखिल भारतीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## शराबी शिक्षक का वीडियो वायरल, शिकायत के बाद निलंबित

**जशपुर (आरएनएस)।** शराब पीकर स्कूल के समय मे आने वाले शिक्षक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शराबी शिक्षक नशे में स्कूल आता था और दस्तखत करके चला जाता था। जिसे निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। पूरा मामला पत्थलगांव विकास खंड का है।

मिली जानकारी के अनुसार पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव में शिक्षक एलबी गुलशन प्रसाद पैकरा पदस्थ है। वह आये दिन शराब के नशे में स्कूल आता था। और फिर उपस्थिति पंजी में दस्तखत कर स्कूल के बाहर यहां वहां नशे में पड़ा रहता था। उसके नशे में धुत्त रहने के दौरान ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना लिया था। जो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शराबी शिक्षक के कृत्यों का प्रतिवेदन बना कर संयुक्त संचालक शिक्षा को प्रेषित किया। जिसके आधार पर संयुक्त संचालक शिक्षा ने शिक्षक एलबी गुलशन पैंकरा शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि मे उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फरसाबहार तय किया गया है।

## नोनी सुरक्षा योजना से जिले के 1032 बच्चियों को जारी एलआईसी का बॉण्ड

**सूरजपुर (आरएनएस)।** छ.ग. सरकार के द्वारा गरीब परिवार में जन्म लेने वाली लड़कियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ नोनी सुरक्षा योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत 01 अप्रैल 2014 के बाद जन्मी बिटिया को राज्य सरकार के द्वारा 1 लाख रूपये का बॉण्ड दी जाएगी। महिला विकास एवं बाल विकास के द्वारा 1 अप्रैल 2014 के बाद जन्म लेने वाली गरीबी रेखा के नीचे की दो बालिकाओं के जन्म पर प्रत्येक बालिका को 18 वर्ष पूर्ण होने एवं 12 वीं उत्तीर्ण करने पर नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। जिले में अभी तक 4193 बच्चियों को चिन्हांकित कर ऑनलाईन एण्ट्री कर दी गई है। इनमें से 1032 बच्चियों को एलआईसी के द्वारा जारी बॉण्ड प्रदाय किया गया है। यह योजना भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटियों व महिलाओं को समाज में उचित सम्मान दिलाने के लिए शुरू की गई थी।

छत्तीसगढ़ सरकार की पहल नोनी सुरक्षा योजना के लांच किये जाने से लड़कियों के उज्जवल भविष्य की राह आसान हो गयी है। इस योजना के लॉच किये जाने से बाल विवाह और कन्याँ भूर्ण हत्या की घटनाओ में कमी आ रही है। पात्रता मानदंडरू- केवल छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी माता एवं पिता अथवा अभिभावक होने की स्थिति में ही लाभ मिल सकता है। इस योजना के तहत 1 अप्रैल 2014 के बाद पैदा हुई बालिका को ही लाभ दिया जायेगा।

## जेनेरिक दवाओं से नागरिकों को 79.39 करोड़ रूपए से ज्यादा की हुई बचत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं सस्ती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों में धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत जेनेरिक दवाओं की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इन दुकानों में देश की ख्याति प्राप्त कंपनियों की जेनेरिक दवाईयों पर 50 से 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। धनवन्तरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 193 धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से अब तक 119.98 करोड़ रूपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 79 करोड़ 39 लाख रूपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 37 लाख 58 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है।

धनवंतरी योजना के अंतर्गत संचालित दुकानों में रायपुर जिले में 19, गरियाबंद में 4, बलौदाबाजार-भाटापारा में 7, धमतरी 7 और महासमुंद जिले में 6 सस्ती जेनेरिक दवाओं की दुकान संचालित की जा रही है। इसी तरह दुर्ग में 18, बालोद में 8, बेमेतरा में 8, राजनांदगांव में 5, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 3, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ में 1 और कबीरधाम में 6 दुकान संचालित की जा रही है। बिलासपुर में 10, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 2, मुंगेली में 4, कोरबा में 6, जांजगीर-चांपा में 9, सक्ती में 6, रायगढ़ में 8 और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 5 सस्ती दवा के स्टोर्स संचालित किए जा रहे है। जशपुर जिले में 5, सरगुजा में 4, बलरामपुर में 5, सरगुजा में 6, कोरिया में 2 और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 5 सस्ती जेनेरिक दवाओं के स्टोर्स संचालित किए जा रहे है। इसी तरह से बस्तर जिले में 3, कोण्डागांव में 3, नारायणपुर में 1, कांकेर में 6, दंतेवाड़ा में 5, सुकमा में 3 और बीजापुर में 3 जेनेरिक दवाओं के स्टोर्स संचालित किए जा रहे है।

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आठ जनवरी से

- इंडोर स्टेडियम में सूबह 11 बजे होगा शुभारंभ, 10 जनवरी तक होंगी प्रतिस्पर्धाएं
- आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने कलेक्टर के निर्देश
- स्थानीय आयोजन समिति की बैठक में हुई समीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक खेलों का आयोजन 8 जनवरी से होगा। शहर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे खेलों का शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक खेलों की प्रतिस्पर्धाएं राजधानी रायपुर के तीन जगहों, बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम और सप्रे शाला मैदान पर होंगी। इस खेल आयोजन में पूरे प्रदेश के लगभग 2 हजार प्रतिभागी और अधिकारी-कर्मचारी शामिल होगें। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक खेलों के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्थानीय आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में आयोजन के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा हुई। कलेक्टर डॉ भुरे ने छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से दो दिन पहले पूरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में एस.एस.पी प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के सी.ई.ओ आकाश छिकारा सहित आयोजन समिति के अन्य अधिकारी भी मौजुद रहे। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के राज्य स्तरीय खेलों का खेलों का समापन 10 जनवरी को शाम 5 बजे होगा। स्थानीय आयोजन समिति की बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षा, भोजन व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों को सभी इंतजाम करने को कहा। डॉ भुरे ने प्रतियोगिता में शामील होने वाले खिलाडिय़ों-अधिकारियों, व्यवस्थापकों-निर्णायकों की सूची पहले से ही तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी के भोजन, आवास, आने-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था समय पर पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर स्टेज, पोस्टर, बैनर, झण्डा, माईक, साउंड एवं लाईट, जनरेटर, आयोजन स्थल के पूर्ण साफ सफाई एवं खेलों के लिए चूना मार्किंग, चलित एवं अस्थायी शौचालय, पेयजल टेंकर की व्यवस्था की जिम्मदारी सौपी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## धान के बदले रागी की खेती करने किसानों को किया जा रहा है प्रोत्साहित

**कांकेर (आरएनएस)।** भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कनेचुर, जामपारा के किसान इन दिनों खरीफ धान फसल की कटाई एंव बिक्री के उपरांत रबी ग्रीष्मकालीन धान फसल के बदले लाभकारी रागी (मडिय़ा) फसल की बुवाई करने जुट गए है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न विकास खंडों के किसानों को धान के बदले रागी फसल की खेती से अतिरिक्त आमदनी की जानकारी दिया जा रहा है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कनेचुर जामपारा के किसान जो लंबे समय से खरीफ एवं रबी ग्रीष्म ऋतु में मुख्य रूप से धान की ही खेती करते थे, कृषि विभाग के क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची एवं किसान मित्र रमन कोसमा के प्रयास से ग्राम कनेचुर एवं जामपारा के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर उन्नत कृषि तकनीक से रागी फसल की खेती की जानकारी किसानों को दी जा रही है। कृषि विभाग से किसानो को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध करवा कर किसानो को ग्रीष्म कालीन धान के बदले में रागी (मडिय़ा) की खेती के फायदे बताया जा रहा है। रागी की खेती से कम लागत में धान की तुलना दोगुना से मुनाफा कमाया जा सकता है।

**रागी खेती की उन्नत कृषि तकनीक-** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने क्षेत्र के किसानो को उन्नत कृषि तकनीकी से रागी के खेती की जानकारी देते हुए बताया कि रागी मडिय़ा की खेती खरीफ के अलावा रबी ग्रीष्म ऋतु में भी आसानी से खेती की जा सकती है। खरीफ में जून माह के मध्य से जुलाई तक रागी की बुवाई करे एवं रबी ग्रीष्म ऋतु में दिसंबर माह से जनवरी एवं फरवरी मध्य तक बुवाई करे, रोपा विधि से बुवाई करने पर 04 से 05 किलो बीज प्रति हेक्टेयर लगती है, जिसे कतार बोनी में 08 से 10 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर, छिडक़ाव विधि में 12 से 15 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर लगती है, कतार एंव रोपा पद्धति से रागी की बुवाई के लिए दो कतारो के बीच की दूरी 22 सेंटीमीटर एवं पौधों से पौधों की दूरी 10 सेंटीमीटर रखे रबी ग्रीष्म ऋतु में रोपाई के लिए नर्सरी में बीज दिसंबर माह से जनवरी के प्रथम सप्ताह तक डालना चाहिए। 20 से 25 दिन के पौधे की रोपाई करें, 15 से 20 दिन के अंतराल में 04 से 05 सिंचाई की आवश्यकता होती है, रागी फसल 90 से 100 दिन में पककर तैयार हो जाती है। उन्नत तरीका से रागी की खेती करने पर प्रति हेक्टेयर 30 से 40 क्विंटल तक उपज प्राप्त होती है। किसान अपने उपज को वन विभाग, वन धन समिति के माध्यम से राज्य शासन द्वारा स्थापित मिलेट प्रोसेसिंग फैक्ट्री नाथिया नवागांव में बिक्री कर सकते है। मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में भी 03 हजार क्विंटल से अधिक कीमत पर रागी की बिक्री कर सकते है। किसान भाई बीज प्रक्रिया केंद्र में भी पंजीयन करवा कर 05 हजार प्रति क्विंटल से अधिक दर पर मडिय़ा बिक्री कर सकते है। बीज प्रक्रिया केंद्र रागी बिक्री पंजीयन का अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022 निर्धारित किया गया है।